[A. C. George]

Corporation Mills, have been representing that these prices need upward revision in view of the currently increased cost of production. Government also have been anxious to increase the quantum of the controlled varieties of cloth.

Government have now formulated a revised policy to this end. The main features of this policy are that the quantum of controlled cloth will be increased from the present level of 400 million metres to 800 million metres per annum, and the varieties will now include the medium 'A' category of cloth also in the commonly used five varieties of sarees, dhoties, drill, shirting and longcloth. Even though costs of production have risen much higer it has been decided that an increase of only 30% over the May 1968, prices will be allowed. In order to safeguard consumer interests, selvedge printing of prices on every meter of cloth will be progressively introduced and the distribution machinery will be strengthened. The distribution margin has been provided at 20% of ex-mill prices to meet currently increased costs of transport and distribution. The penalty for non-fulfilment of controlled cloth obligation will be enhanced from the present level of Re 1/- per metre to Rs 2.50 per metre.

In the light of this enhanced obligation on textile mills to produce controlled cloth, suitable provision is being made in the Scheme to sustain the requisite export effort

The revised policy will be brought into effect from the 1st of April, 1974.

MR. CHAIRMAN : We now take up the Private Members' Business. Mr. Gomango.

16.10 hrs.

COMMITTEE ON PRIVATE MEMBERS' BILLS AND RESOLUTIONS

THIRTY-EIGHTH REPORT

SHRI GIRIDHAR GOMANGO (Koraput) : I beg to move :

"That this House do agree with the Thirty-eighth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 27th March, 1974."

MR. CHAIRMAN : The question is :

"That this House do agree with the Thirty-eighth Report of the Committee on Private Members' Bills and Resolutions presented to the House on the 27th March, 1974."

The motion was adopted.

16.11 hrs.

RESOLUTION RE : POLICY IN RESPECT OF PRICES AND AGRICULTURAL PRODUCTION—*contd.*

MR. CHAIRMAN : We now resume further discussion on the Resolution regarding prices and agricultural production. Mr. Madhu Limaye

SHRI MADHU LIMAYE (Banka) : The Resolution which I have already moved reads as follows :

"This House is of opinion that the Government should recast its policy with regard to prices and agricultural production in such a way that—

(a) essential articles of consumption sell at 1½ times the cost of production, including transport charges, taxes and profits,

(b) there shall prevail parity between the prices of industrial goods and agricultural produce;

(c) fluctuations in foodgrain prices of more than 15 per cent shall not be permitted;

(d) the Government shall take the responsibility of purchasing cotton, sugarcane, raw jute, foodgrains and other produce at support prices which may take into account the cost of production plus a reasonable margin for the farmers;

(e) electricity rate per unit for agricultural purposes shall not be more than ten paise; and

(f) fertilisers shall be made available to the *Kisans* with land holdings of less than ten acres at subsidised rates and the irrigation rates shall be reduced by 25 per cent."

मेरे कई लायक दोस्तो ने पिछली बार जब मजदूरों के एक मामले पर चर्चा हो रही थी तो यह कहा था कि इस भवन में जितना समय कारखानों मे काम करने वाले मजदूरो और कर्मचारियो के सवाल पर दिया जाता है उतना समय काश्तकारो की जो समस्याएं हैं उन पर बहस करने के लिए नही दिया जाता है। इसीलिये आज मैं देखूगा कि मेरे लायक दोस्तो का मेरे प्रस्ताव के बारे मे क्या रुख रहेगा क्योंकि इस प्रस्ताव का यह महत्व है कि यदि इसके सिद्धांतो को सरकार मान लेगी तो हमारे आर्थिक नियोजन की नीति में बुनियादी परिवर्तन आएगा और देश को खाद्यान्न के मामले में आत्म-निर्भर बनाने की दिशा मे बहुत बड़ा कदम हम उठाएगे।

मैं माननीय मंत्री महोदय का ध्यान इस में जो सिद्धान्तिक बाते हैं उनकी ओर खीचना चाहता हू। सरकार ने विगत 27 वर्षों मे हमेशा ठोस बातें करने के बजाय साधारण बाते करने का जो एक सिलसिला चलाया है उसका नतीजा होता है कि किसी निष्कर्ष पर हम लोग नही पहुच पाते। सभी लोग कहते है कि दामों पर नियंत्रण होना चाहिए। जीवनावश्यक चीजे लोगों को उचित दामों मे मिलनी चाहिए, सार्वजनिक वितरण व्यवस्था मे चुस्ती आनी चाहिए यह विचार तो मंत्रियो के भाषणो मे हमेशा हम लोग पाते है। लेकिन इन चीजों का कार्यान्वियन क्यो नही हो रहा है, क्यों कि यह सरकार निश्चित और स्पष्ट सिद्धातो के साथ अपने को बाधना नही चाहती। यह हमेशा निर्गुण और निराकार ब्रह्म की चर्चा करना चाहती है। नतीजा यह होता है कि जो बुनियादी आवश्यकताए है उनको हम लोग पूरा नही कर पाते। क्या मंत्री महोदय इस बात से असहमति रखते हैं कि जो जीवनावश्यक चीजें हैं उनके दाम निश्चित करते समय विक्रय, मुनाफा और जो मैनेजरी का खर्चा होता है उस के ऊपर नियंत्रण रखना चाहिए; जीवनावश्यक चीजो की व्याख्या करते हुए पचास वस्तुओ का समावेश इस नही करना चाहता हूं। अगर सरकार चाहती है इसको सीमित ही रखा जाये। लेकिन इस मे दो राय नही होगी कि जैसे गल्ला है, कपड़ा है, चीनी है, केरोसिन है, तेल है, नमक है, ये चीजें ऐसी हैं कि जिनके बिना साधारण लोगो की जिन्दगी नही चल सकती। इसलिए कम से कम इन वस्तुओं के बारे में इस सिद्धान्त को लागू करने का प्रयास होना चाहिए और जब कपड़ा-नीति की हम लोग चर्चा करेंगे तो मुनाफे के ऊपर रोक लगनी चाहिए। टिक्स को कम कर देना चाहिए और दूसरे परिवहन आदि के जो खर्चे है उनमें भी कटौती करने का प्रयास करना चाहिए। यदि कपड़ा, चीनी, तेल, केरोसिन, नमक, मिर्च आदि चीजे उत्पादन का जो खर्चा है उसके ड्योढे मे भी बेचने लगेंगे तो साधारण जनता को बहुत बड़े पैमाने पर राहत मिलेगी, क्या कपड़ा, केरोसिन तेल, चीनी आदि के वर्तमान दाम सिद्धान्त न० 1 के अनुसार है, — जहा तक चीनी का सवाल है विगत साल चीनी मिलो की जितनी वार्षिक रिपोर्ट प्रकाशित हो गई है उसके अनुसार जो बड़ी-बड़ी मिलें है उनके मुनाफे मे विगत साल बहुत बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई। इसमे जो करो की चोरी वह करते हैं या 70 प्रतिशत चीनी आप नियंत्रित दामों पर खरीदते हैं लेकिन वास्तव मे मिलो से इतनी चीनी खरीदी नही जा रही है, एक मिल का उदाहरण है उसके बारे मे मैं खाद्य मंत्री को लिख चुका हू, उनको तो उनका जो लेवी शुगर का कोटा था उसी को खुले बाजार में बेचने की छूट दे दी गई .

श्री एम० राम गोपाल रेड्डी (निजामाबाद) ऐसा नहीं हो सकता।

श्री मधु लिमये . बिलकुल हो गया है।

[श्री मधु लिमये]

क्यों कि दोनों के बीच में इस वर्ष संघर्ष चल रहा है और बरेली की एक मिल है उस के बारे में मंत्री को लिख चुका हूं। तो 70 प्रतिशत लेवी की चीनी वसूली नहीं जाती। यह काम फूड कारपोरेशन आफ इंडिया पर छोड दिया गया है और बहुत दफा यह लेवी की चीनी ऊपर से नीचे तक खुले बाजार में चली जाती है और काले दामों में बिकती है।

जहां तक कपडे का सवाल है विगत साल मैंने स्वयं आकड़े दिए थे कि 1971 के जनवरी महीने से 1973 के जनवरी महीने तक कपास का दाम लगातार घटता जा रहा है और इन दो वर्षों में कपडे के दाम में कटौती होने के बजाय बड़े पैमाने पर वृद्धि हुई है। उस का नतीजा है कि 1972-73 में जो भी बैलेंस शीट प्रकाशित हुई उन से पता चलता है कि जो बड़ी-बड़ी प्रमुख मिलें हैं खास कर के बड़े उद्योगपतियों की मिलें उनके मुनाफे में 11 से ले कर 50 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। ये आकड़े मैंने स्वयं सदन के सामने रखे हैं। तो चीनी मिलों के द्वारा भयंकर मुनाफाखोरी, कपडा मिलों के द्वारा भी कर मुनाफाखोरी और कपडे के ऊपर, चीनी के ऊपर, केरोसिन के ऊपर आप लगातार टिकस भी बढ़ाते चले जा रहे हैं, इसलिए मेरा सुझाव है कि आज मंत्री महोदय इस आशय की घोषणा करें कि जहां तक जीवनावश्यक चीजों का सवाल है हम संयम बरतेंगे कर लगाते समय, मुनाफे पर भी नियंत्रण रखेंगे और कम से कम पाच छः चीजें जो मैंने बताई उन का दाम नियंत्रित कर के वितरण व्यवस्था में से भ्रष्टाचार और अकार्य-क्षमता को खत्म कर के सही ढंग से उनका वितरण कराएंगे।

दूसरा सिद्धांत मैं रखता हूं कि खेती के माल में और औद्योगिक माल में हम लोगों को संतुलन कायम करना चाहिए। इसके बारे में मैंने एक सवाल इसी सदन में पूछा था और उस का बहुत ही विचित्र जवाब खाद्य मंत्री से मुझे मिला था। मैंने इस संतुलन के बारे में जो कहा था उसके जवाब में मंत्री महोदय ने 23 जुलाई को कहा था:

> "In India prices of agricultural commodities have generally shown a relatively greater rise than the prices of manufactured goods. But the elements of speculation do play a large part in the trade of agricultural commodities."

अब मैं मंत्री महोदय से जानना चाहता हूं—आप चीनी की ही बात को लीजिये—1668 में गन्ना उत्पादकों को उत्तर प्रदेश और उसके आसपास के इलाकों में एक क्विंटल का 15 रुपया दाम दिया गया था और उस समय खुले बाजार में चीनी 2 रुपया या सवा दो रुपया किलो बिक रही थी। 1973-74 के मौसम में उत्तर प्रदेश के इलाके में साधारण तौर पर सवा-तेरह रुपये क्विंटल के हिसाब से गन्ना उत्पादकों से लिया गया। कहीं कुछ कम और कहीं कुछ ज्यादा, 13 रुपए के दाम भी दिए गए और साढ़े तेरह रुपए के दाम भी दिये गये, लेकिन औसत में सवा तेरह आयेगा। लेकिन खुले बाजार में चीनी का दाम क्या है? सवा चार से साढ़े चार रुपए किलो के हिसाब से चीनी बिक रही है।

जब शिण्डे साहब कहते हैं कि भारत में कृषि का जो उत्पादन है उसके दाम में, कारखानों में या मिलों में पैदा होने वाली चीजों के दाम के मुकाबले अधिक तेजी से वृद्धि हुई है—तो मुझे दुख होता है। आम चीनी का ही उदाहरण ले लीजिये। आपको पता चल जायेगा कि यह सही नहीं है। चीनी में किसानों को जो भी मूल्य आपने बताया है, उसको घटाने के बाद भी चीनी की जो बिक्री की दर है उसके बढ़ने का क्या कारण है, उसका दाम सवा चार रुपए में क्या हुआ मैं 1968 के खुले दाम और इस समय के खुले दामों की चर्चा कर रहा हूं।

इसी तरह कपड़े की स्थिति है । पिछले 5-6 महिनों में कपास के दामों की स्थिति जरूर बदली है, लेकिन जितना हल्ला किया जा रहा है किसानों को बहुत लाभ हो रहा है—वह स्थिति नहीं है । मेरे सामने यह "कामर्स साप्ताहिक" है, इसमें प्रो० दंतवाला का एक लेख है—"पोलिटिक्स एण्ड प्राइज़" । इन्होंने इस लेख में कृषि दाम नीति की घोर आलोचना की है, इनका यह कहना है कि काश्तकारों को बहुत ज्यादा दाम दिये जा रहे हैं । लेकिन अभी कुछ ही समय पहले 'इकानिमिक टाइम्ज़' में कपास के बारे में जो खबर आयी थी उसमें यह कहा गया था—

"The cotton prices have fallen by Rs. 100 to Rs. 250 per candy owing to heavy arrivals of cotton on the one hand and slackening of demand from the buyers on the other."

यह बात 7 मार्च के इकानिमिक टाइम्ज़ में कही गई है । इसलिये यदि 3 साल के आंकड़े इकठ्ठे किये जाएं तो इसमें दो राय नहीं होंगी कि कपड़े के दामों में अधिक तेजी से वृद्धि हुयी है, बनिस्पत कपास के दामों के । इसमें भी कपास के दाम लेते समय मैंने उस दाम को नहीं लिया है जो सट्टा वगैरह चलता है या जो इज़ारेदारी चलती है उससे जो दाम बढ़ जाता है, उसको लेने से कोई फायदा नहीं है । मैं इस समय उसी दाम की चर्चा कर रहा हूं कि कपास का किसानों को क्या दाम मिला और कपड़े का उपयोगी—मूल्य क्या है, जिस पर कि साधारण उपभोक्ता को देना पड़ता है । यदि इसका तीन साल का तुलनात्मक अध्ययन किया जायगा तो निश्चित रूप से साबित होगा कि कपड़े का दाम अधिक मात्रा में बढ़ा है और उस अनुपात में रूई और कपास का दाम नहीं बड़ा है ।

इधर मैंने बजट पर बोलते समय इस बात को छेड़ा था कि लम्बे धागे की रूई आप इजिप्ट, सूडान, से मंगवा रहे हैं । तब वित्त मंत्री जी ने कुछ गर्मी में कहा—पहले हम मंगवाते थे, लेकिन सबने इन दिनों लांग स्टैपल काटन मंगवाना बन्द कर दिया है । ऐसा लगता है कि वित्त मंत्रालय और व्यापार मंत्रालय में कोई एकसूत्रीकरण नहीं है, क्योंकि व्यापार में मंत्रालय ने मेरे ही प्रश्न के उत्तर में कहा है —

"Cotton year 1970-71, imports 8.51 lakhs bales value in crores of Rupees 109.85 crores."

यह 1970-71 का आप का आयात है । उसके बाद 1971-72 में 7 लाख 44 हजार बेल्ज़ मंगवाई और उस पर 101 करोड़ 73 लाख रुपए की देशीविदेशी मुद्रा खर्च की । 1972–73 में आप ने 4 लाख 42 हजार बेल्ज़ मंगवाई जिस पर 64 करोड़ 90 लाख रु० की विदेशी मुद्रा आप ने खर्च की । जहां तक 1973-74 का सवाल है, मेरी जानकारी है कि आपने 4 लाख बेल्ज़ मंगवाई हैं । मने पूछा था कि यह जो लम्बे धाग की रुई मगवाते हैं, क्या इस का निर्यात के लिये इस्तेमाल होता है या हिन्दुस्तान के जो अमीर वर्ग के लोग हैं उनके शरीर पर बढ़िया वस्त्र चढाने के लिये इसका इस्तेमाल किया जाता है। व्यापार मंत्रालय ने जवाब दिया —

"About 10 to 11% of the cloth made out of the yarn produced from the imported long staple cotton has been exported this year."

यानि 10 से 11 प्रतिशत । इस आंकड़ों के बारे में मुझे संदेह है कि क्योंकि, इनको यह कैसे पता चला कि आयातित रूई से जो कपड़ा बनाया गया , उसी को निर्यात किया गया, क्योंकि भारत में लम्बे धागे की कपास पैदा होती है । आपने इतनी बड़ी रकम विदेशी मुद्रा के रूप में इस लम्बे धागे की कपास को मंगवाने में खर्च की है अमीरों को अच्छा कपड़ा देने के लिये आप ने खर्च की है—मैं जानना चाहता हूं कि इस नीति के पीछे कौन सा सिद्धांत है । क्या यह समाजवाद की नीति है या अमीर, उच्च वर्गीय, उच्च वर्गीय नीति है—इसका

[श्री मधु लिमये]

फैसला सदस्य लोग करें । इसके लिये मैं कहना चाहूंगा कि यह जो दूसरा सिद्धांत है कि खेती का माल और कारखानीय माल—इनके बीच संतुलन होना चाहिए, समाजिक न्याय की दृष्टि से आप को इस सिद्धान्त को कुबूल करना चाहिए ।

आगे मैंने कहा है कि गल्ले के दाम में एक साल में 15 प्रतिशत से अधिक परिवर्तन नहीं होना चाहिए । आप ने कई प्रश्नों के जवाब में कहा है कि कहीं कहीं ये दाम बढ़े हैं । बाजरा है, मक्का है, आप ने यह माना है कि एक महीने में 20-25 और 30 प्रतिशत तक परिवर्तन हुआ है और पूरे साल की बात तो आप जानते ही हैं । जब कटनी का समय आ जाता है तो किसान अपना माल मंडी में लेकर आता है, तब दाम गिर जाते हैं और जब उसे स्वयं खरीदने की नौबत आती है, यानि लीन-मंथ्स में, उसकी नई फसल आने से पहले, तो जिस भाव उसने बेचा होता है, उससे 50-60 अधिक दाम देकर खरीदना पड़ता है । इसके लिये गल्ले के दाम में 15 प्रतिशत से अधिक परिवर्तन नहीं होना चाहिए । 15 प्रतिशत इसलिये रखा गया है कि स्टोर करने का खर्चा होगा, बैंकों से कर्जा लिया है तो उसका सूद देना होगा—इसलिये मैं 15 प्रतिशत की बात कर रहा हूं ।

चौथी बात यह है कि सरकार को जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि कृषि का जो माल है, वह निर्धारित दामों पर सरकार खरीदे । अब इसमें आप राष्ट्रीयकरण करें या निजी क्षेत्र में उसका व्यापार रहने दें—इसकी चर्चा मैं नहीं कर रहा हूं, क्योंकि इस बारे में मेरी निश्चित राय है कि चाहे राष्ट्रीयकरण की नीति हो या निजी व्यापार की नीति हो, जब तक प्रशासन में भ्रष्टाचार और बेइमानी रहेगी, वितरण व्यवस्था में घूसखोरी चलेगी, तब तक आप की दोनों नीतियां असफल रहने वाली हैं । इस साल आप दूसरी नीति चलाने जा रहे हैं इसका भी अनुभव ले लीजिए । क्योंकि इस के बारे में मेरे पास अभी अभी दो पत्र आये हैं, उनसे आप को पता चल जायगा कि भ्रष्टाचार की आज स्थिति क्या है । एक पत्र मुझे बलरिया प्रखंड से, जो मेरे क्षेत्र में है, मिला है । उसमें उन्होंने सबूत के साथ साबित किया है कि कि आप के जो सब इंसपेक्टर्स होते हैं—जब पिछली बार मैं गया था तो मुझे कहा गया था—एक बोरा गेहूं देने के लिये सप्लाई इंसपेक्टर 5 रु० घूस लेता है चीनी के ऊपर 15 रु० लेता है, किरासिन के एक ट्रक पर 15 रु० लेता है । लेकिन पिछले दो तीन महिनों से जैसे जैसे दाम बढ़े हैं घूस खोरी की दर भी बढ़ती गयी और अब घूसखोरी की दर ही गयी है—गेहूं के बोरे पर 10 रुपया, किरासिन ट्रक पर 25 रुपया, चीनी के बोरे पर 25 रुपया । खुद डीलर कहते हैं कि जब तक इस तरह की घूस हम नहीं देंगे हम को माल नहीं मिलेगा और घूस देकर माल लेंगे तो सप्लायी इंसपेक्टर कहता है कि कोई जरूरी नहीं कि गरीबों को बेचो, ज्यादा दाम बढ़ाकर बेच सकते हो, डायरी या रजिस्टर को रेग्यूलराइज कर दूंगा । पास कर दूंगा तीन बार आंचल अधिकारी ने जांच के लिये उस डीलर को बुलाया, लेकिन वह नहीं आया और जांच नहीं हो पायी ।

यहां हम लम्बे चौड़े लेक्चर दे रहे हैं कि गल्ले का राष्ट्रीयकरण होना चाहिए, या निजि व्यापार होना चाहिए, लेकिन सभी मानते हैं कि समाज में जो शोषित तत्व है, जिनके पास अपनी खेती बाड़ी नहीं है और अगर है तो मामूली है, उन लोगों तक सार्वजनिक व्यवस्था में न्यूनतम गल्ला नहीं मिलेगा, वे जिन्दा नहीं रह सकते । तो सभी लोग मानते हैं कि सार्वजनिक व्यवस्था रहनी चाहिए और उसके मार्फत ऐसे तत्वों को कम से कम गल्ला मिलना चाहिए । लेकिन वितरण व्यवस्था में इस तरह की बेइमानी रहेगी तो क्या होगा ?

अब आप लेवी की बात कीजिए । लेवी के बारे में इस तरह के सुझाव होते हैं । मेरे क्षेत्र से मुझे पत्र मिला है जिसमें कहा गया

क बिना नोटिस के उन्होंने 20 क्विंटल धान लेवी के रूप में वसूलने के लिए कहा। छोटे किसान की बात थी, उसके पास उतना धान नहीं था तो उन्होंने कहा कि 500 रु० घूस दीजिए तो आपको लेवी देने की कोई जरूरत नहीं है। तो मैं लेवी का विरोधी नहीं हूं आप इस गलत फहमी में न आयें। एक ओर जब मैं चाहता हूं कि पब्लिक डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम से लोगों को गल्ला मिले, कम से कम ऐसे गरीब लोगों को, भूमिहीनों को और शहर के गरीब लोगों को तो सार्वजनिक वितरण की व्यवस्था के लिये गल्ला कहां से आयगा मैं तो इस पक्ष में नहीं हूं कि आप लगातार विदेशी आयात करते चले जायें। इसलिये गल्ला तो आपको प्रक्योर करना ही पड़ेगा। उसके लिए आप यह लेवी की प्रणाली को चलाते हैं किसी न किसी रूप में, क्योंकि यह भी एक लेवी की प्रणाली चलायी है जो होल सेलर्स पर लेवी लगायी जायेगी चावल के बारे में या गेहूं के बारे में। पहले आप सीधे वसूलते थे। मेरा कहना है कि छोटे किसानों के उपर जुल्म न हों जिस तरह इनकमटेक्स में बड़े लोग जिनकी आमदनी ज्यादा है उससे आप ज्यादा टैक्स वसूलते हैं हालांकि इस बार इस सिद्धांत को भी आपने छोड़ दिया है। छोटे लोगों को आपने कम राहत दी है और बड़ी आमदनी वालों को आपने ज्यादा राहत दी है, इस आशा से कि वे करों की चोरी नहीं करेंगे। तो मैं यह कह रहा था कि जिनके पास अतिरिक्त अनाज है मण्डी में बेचने लायक उनके ग्रेडड लेवी के आधार पर आप लेवी जरूर वसूलिये—मैं इसका विरोध नहीं करूंगा लेकिन आप जो बड़े काश्तकार हैं जो लेवी में अनाज दे सकते हैं उनसे आप अनाज वसूलते नहीं हैं और जो छोटे लोग ह, आपकी मशीनरी इतनी सड़ गयी है कि मार उन छोटे लोगों पर पड़ती है। मैं केवल इसकी चर्चा कर रहा हूं कि निर्धारित दामों से सरकार खरीदे, अगर दाम नीचे जायेंगे तो आपके पास लोग आयेंगे और छोटे लोगों को अगर ज्यादा दाम मिल जायगा तो कोई बुरी बात नहीं है।

जूट के बारे में आपने आश्वासन दिया था कि एक सौ साढ़े 57 रुपए क्वींटल के हिसाब से कलकत्ता डेलिवरी का जूट आप लेंगे लेकिन आप बंगाल में, उड़ीसा में, आसाम में, उत्तरी बिहार में जाकर देखें क्या काश्तकारों को जूट का वह दाम मिला, तो आपको पता चलेगा कि बड़े ग्रोवर्स को छोड़कर छोटे ग्रोवर्स को किसी हालत में नहीं मिला है। इसलिए मेरा सुझाव है कि पांचवीं पंचवर्षीय योजना के लिए आपने क्या लक्ष्य बनाया है? आपने यह लक्ष्य बनाया है:

> "The rate of growth of output in the agricultural sector envisaged for the Fifth Plan period is 4.67 per cent per annum. The fulfilment of this target will make the country not only self-sufficient in respect of foodgrains but also leave a cushion for building a buffer stock."

तो 4.67 परसेन्ट की दर से अगर कृषि का आप का विकास करना चाहते हैं तो कृषि के लिये आपकी कोई योजना होनी चाहिए जिसका मैं कोई प्रकाश चिन्ह नहीं देख रहा हूं—मुझे अफसोस है। हमारी योजना बनाने वाले अधिकारी लोग हैं, मैं किसी में में फर्क नहीं करना चाहता, बेकारी निराकरण के बारे में उनकी बहुत सारी गलत धारणाएं हैं मेरी यह निश्चित धारणा है कि बेरोजगारी की जो भयंकर समस्या है उसका यदि समाधान करना है तो तथाकथित औद्योगीकरण के जरिये वह कभी नहीं होगा बल्कि कृषि विकास के ऊपर आप जोर देंगे तो बेकारी की समस्या का भी समाधान होगा। इतना ही नहीं, औद्योगीकरण के लिये भी रास्ता प्रशस्त हो जायगा।

मैं एक उदाहरण देता हूं। मुंगेर जिले में जो ताल का इलाका है उसमें यदि आप योजना का इन्तजाम कर दें और बोरिंग आदि का प्रबंध करेंगे तो निश्चित रूप से दो फसलें निकाल पाएंगे। मक्का की फसल निकाल पायेंगे और एक रबी की फसल निकाल पायेंगे। नतीजा यह

[श्री मधु लिमये]

होगा, मैं उत्तरी बिहार की बात नहीं कह सकता लेकिन मुंगेर, भागलपुर, संथाल परगना इन इलाकों में जितने ग्रामीण बेकार लोग हैं इन सभी को अकेली इस योजना में काम मिल जायगा। इसलिये यदि बहुत बड़े पैमाने पर बेकारी की समस्या का आप हल करना चाहते हैं तो कृषि विकास योजनाओं पर आपको जोर देना पड़ेगा और उसी में से आपको पूंजी भी मिल जायगी। इन बातों को लेकर मैं कहता हूं कि कि आप कृषि के विकास के लिए समुचित प्रयास नहीं कर रहे हैं और कृषि विकास से जिनकी समुचित आमदनी हो रही है उन पर आप टैक्सनहींलगाते हैं। मैं कहता हूं कि आमदनी बढ़ाने के लिए आप उत्पादन बढ़ाने का समुचित प्रयास कीजिए। उससे अधिक लाभ जिनको होगा उनपर जैसे कि अन्य आमदनी पर आप टैक्स लगाते हैं कृषि आमदनी पर भी टैक्स लगाइये या एक्रेज की बेसिस पर इनकम टैक्स लगाइये जिसमें बेइमानी और घूसखोरी की कम से कम गुंजाइश होगी। तो इस रास्ते को आप अपनाइये। इसलिये मैंने सुझाव भी दिया है —

Electricity rate per unit for agricultural purposes shall not be more than 10 P

अब आपकी क्या प्रायर्टीज है, वरीयता के बारे में आपका क्या दृष्टिकोण है यह मैं जानना चाहता हूं। मैं भी जानता हूं आज एल्यूमिनियम की हमारे देश के लिये आवश्यकता है लेकिन हिंडालकों वे कर्मचारियों ने मुझको आंकड़े दिये हैं कि 55 मेगावाट का जो पुराना करार है उसकी वजह से पैसे की यूनिट से भी कम आप हिंडालकों से वसूलते हैं। 50 मेगावाट का जो नया समझौता हुआ है उसमें आपने 10 पैसे की यूनिट दाम रखे हैं। तो मैं जानना चाहता हूं कि क्या कृषि उत्पादन को वरीयत आप एल्यूमिनियम या निजी क्षेत्र से कम देते हैं? आप इस बात का बिलकुल फैसला कीजिए कि आने वाले कुछ वर्षों के लिए बिजली का प्रति यूनिट का दाम कृषि कार्य के लिये 10 पैसे से अधिक नहीं रहेगा। यह आपको एकदम निर्णय करना चाहिए

इसके साथ साथ मैं जो अंतिम प्रस्ताव रखना चाहता हूं वह यह है कि इस एकड़ वाले किसान इधर चार पांच साल की रबी की ओर अधिक अभिमुख होने लगे थे, अच्छा बीज भी इस्तेमाल करने लगे थे और खाद का भी प्रयोग करने लगे थे लेकिन इस बीच आप खाद का दाम भी बढ़ाते जा रहे हैं और उसके ऊपर टैक्स भी बढ़ाते जा रहे हैं। खाद के वितरण में इतनी बेइमानी है कि नियंत्रित जो दाम है बिहार में साढ़े बावन रु० यूरिया के बड़े बोरे था लेकिन दो महिने पहले वह 100 रु० में मिलता था और इस बारे में जब मैं गया तो लोगों ने कहा कि हम 5 रुपया किलो के हिसाब से खाद खरीदते हैं। (व्यवधान) इसलिये मैं कहना चाहता हूं कि आप छोटे किसानों को, अपना जो घाटा है उसको सहते हुए नियंत्रित दाम से भी कम दाम पर खाद देने का प्रबंध कीजिए और इस वक्त जो सिंचाई का रेट अनाप शनाप बढ़ाया जा रहा है, सिंचाई के ऊपर टैक्स लगाकर आर्थिक नियोजन के लिये आप पैसा लेने की बात करते हैं उसको भी बन्द कर दीजिए मैं आप को उल्टी बात कहता हूं कि आप सिंचाई कर कम कर दीजिए आप फर्टीलाइजर का दाम घटा दीजिए, और किसानों को जो आमदनी हो उसके आधार पर टैक्स लगाइये। आप उत्पादन को ही मारने की बात क्यों करते हैं। आप सामाजिक न्याय की बात क्यों करते हैं तो आमदनी संबंधी कर नीति आपकी होनी चाहिए। मैं उन लोगों में से नहीं हूं कि जैसे कि प्रोफेसर लोग अक्सर इस सदन में कहते हैं कि हमारी आमदनी संबंधी नीति कोई सामाजिक न्याय नहीं है। मैंने एन० आई० सी० के तीसरे और चौथे श्रेणी के कर्मचारियों की कुल मिलाकर आमदनी का आंकड़ा निकाला है जो कि साढ़े आठ हजार रुपया प्रति वर्ष आता है। इसमें मैं सारी एमिनिटीज शामिल कर ली है। लेकिन कितने किसान आज हमारे देश में हैं जिनकी साढ़े आठ हजार की नेट इनकम प्रतिवर्ष हो जाती है। क्लास टू और

क्लास वन के अफसरों के आंकड़े भी मैंने निकाले हैं जोकि एक लाख 32 हजार होता है। एल० आई० सी० में ज्यादा आमदनी होती है तो उसको आप घटाएं लेकिन तीसरे और चौथे वर्ग के कर्मचारियों की आय की भी जब हम चर्चा करते हैं तो मुझे एसा लगता है कि छोटे किसानों के बारे में सोचने के लिए कोई तैयार नहीं है; इसलिये पहले सामाजिक न्याय को लाने की दृष्टि से उत्पादन जिससे घटेगा या ज्यादा फसलें निकालने के कामों की ओर से किसान मुड़ जायेंगे इस तरह की आप की टैक्सेशन नीति नहीं होनी चाहिए।

फर्टिलाइजर के ऊपर ऐक्साइज ड्यूटी लगाने की बात, एनर्जी टैक्स बढ़ाना, इलेक्ट्रिसिटी की दर बढ़ाते हैं, इन तमाम कामों से उत्पादन खत्म हो जाता है। इसलिए केवल बड़े किसानों पर उनकी आमदनी के अनुपात में अगर टैक्स लगाना चाहते हैं तो उसके लिये आप संविधान में परिवर्तन ले आते। इतने परिवर्तन आप ने किये, क्योंं नहीं इस तरह का परिवर्तन ले आते कि बड़े काश्तकारों पर टैक्स लगाने के लिये राज्य सरकारों को बाध्य कीजिये। वह टैक्स आप न लीजिये। लेकिन आप संविधान में परिवर्तन कर के उस का अनुपात तय कर दीजिये, और राज्यों को वसूल करने के लिये कहिये, और उन को यह भी कहिये कि इस तरह के टैक्ससेशन से जो आमदनी उन को मिलेगी उस में मैचिंग ग्रान्ट हम देंगे और उस का एक फंड बनाइये जिस का इस्तेमाल जो आज असिंचित इलाके हैं उन के लिये कीजिये। महाराष्ट्र की बात मंत्री जी जानते हैं महाराष्ट्र में बहुत बड़ा सवाल है कि कुछ लोगों को तो 12 माही सिंचाई मिलती है और कुछ लोगों को दो महीने के लिये भी सिंचाई नहीं मिलती है। तो यह जो फंड है इस पैसे का इस्तेमाल आप असिंचित इलाकों में सिंचाई का फैलाव करने के लिये कीजिये। इस तरह की उत्पादन बढ़ाने वाली, सामाजिक न्याय लाने वाली, कृषि को प्रोत्साहन देने वाली योजनायें आप बनायेंगे तो निश्चित रूप से जो वर्तमान कुंठा अर्थ व्यवस्था में पैदा हो गई है यह खत्म हो जायगी और देश तेजी से तरक्की की दिशा में आगे बढ़ेगा।

नीतियों का जहां तक सवाल है, सब से बुनियादी सवाल हो गया है भ्रष्टाचार, घूसखोरी और सरकारी यंत्र के शुद्धीकरण का। आप लाख कहिये, नीतियां बनाइये, विदेशों से विशेषज्ञ ले आइये, डाक्टर ले आइये, यह बीमारी जाने वाली नहीं है जब तक इस यंत्र का शुद्धीकरण नहीं करेंगे और कठोर आदेश नहीं करेंगे। और इसके लिये मैं छोटे सप्लाई इंस्पेक्टर की चर्चा नहीं करना चाहता, बल्कि प्रधान मंत्री, मंत्री, गवर्नर और संसद सदस्य और विधान सभाओं के सदस्यों से आदर्श पेश कया जाय, तब जा कर नीचे तक शुद्धिकरण का सिलसिला प्रारम्भ होगा। चीन ने अपना कल्चरल रिवौल्यूशन किया, हमारे देश में भी शुद्धिकरण की क्रान्ति की जरूरत है। और आज लड़कों के मन में यह बात आ ईगई है कि आप गोली के बल पर इस आन्दोलन को नहीं दबा सकते, बल्कि वह सोचते हैं कि भ्रष्टाचार को मिटाये बिना हमारी तरक्की नहीं होगी। इसलिये इन सुझावों पर आप विचार कीजिये, यही मुझे कहना है।

MR. CHAIRMAN: Resolution moved:

"This House is of opinion that the Government should re-cast its policy with regard to prices and agricultural production in such a way that—

(a) essential articles of consumption sell at 1½ times the cost of production, including transport charges, taxes and profits;

(b) there shall prevail parity between the prices of industrial goods and agricultural produce;

(c) fluctuations in foodgrain prices of more than 15 per cent shall not be permitted;

[Mr. Chairman].

(d) the Government shall take the responsibility of purchasing cotton, sugar-cane, raw jute, foodgrains and other produce at support prices which may take into account the cost of production plus a reasonable margin for the farmers;

(e) electricity rate per unit for agricultural purposes shall not be more than ten paise and

(f) fertilizers shall be made available to the Kisans with land holdings of less than ten acres at subsidised rates and the irrigation rates shall be reduced by 25 per cent."

There are some notices of amendments. Members who are desirous of moving them may move them Shri Bibhuti Mishra—absent. Shri B. K. Daschowdhury.

SHRI B. K. DASCHOWDHURY (Cooch-Behar). I move.

'That in the resolution in part (a),—

for "essential articles of consumption sell at 1½ times" *substitute*—

"all essential agricultural produce sell at 1½ times"

(2)

SHRI JYOTIRMOY BOSU (Diamond Harbour) I move:

'That in the resolution,—

add at the end—

(g) the Government should establish its decisive command over the production and distribution of vital agricultural commodities and agricultural inputs;

and therefore, recommends nationalisation of Sugar Industry, raw jute trade, fertiliser production and distribution of diesel and kerosene oil with immediate effect"' (3)

श्री नाथू राम मिर्धा (नागौर) : मान्यवर, माननीय लिमये जी ने जो प्रस्ताव सदन में पेश किया है, काफी व्यापक और लम्बी चौड़ी भूमिका रखने वाला प्रस्ताव है। इस में कंज्यूमर से ले कर प्रोड्यूसर तक और बीच में सारे समाज में कुछ सिद्धान्तों को अपना कर उन्होंने क्रान्ति करने का सुझाव दिया है। मैं उन की भावना से बहुत हद तक कुछ बातों में सहमत हूं। पर जो उन्होंने मुद्दे रखे उन से मैं सहमत नहीं हूं, और उन के और मेरे दृष्टिकोण में अन्तर है। बुनियादी तौर से जो उन का ख्याल है कि अगर हमें देश में लोकतन्त्र के जरिये विकास और तरक्की करनी है और देश का उत्पादन बढ़ाना है, चाहे कृषि का हो या उद्योग का और सामाजिक न्याय देना है देश के सब लोगों को जिन को इस न्याय की जरूरत है, तो हमें परिवर्तन करने पड़ेंगे। और खासतौर से अभी जो उन का प्रस्ताव है उसमें उन्होंने परिवर्तन की बात कही है कि हमारी हाट बाजारी व्यवस्था में और उस के साथ में किसान को उस की पैदावार के कैसे उचित दाम दिये जाये और कंज्यूमर्स को भी वह चीजें वाजिब दामों पर मिल सकें इस के लिये उन्होंने ज्यादा कीमत बतायी है, सारे टैक्स मिला कर किसी कंज्यूमर को बुनियादी चीजें मिलनी चाहिये। और उस के बाद किसान को भी कुछ ऐसे दाम मिले जिसमें उस का उत्पादन करने का जो खर्चा पड़ता है उस में उस का मुनाफा शामिल हो। ऐसी प्राइस किसान को गारन्टी की जाय और उपभोक्ता को भी जरूरत की चीजें उन को दी जायें। मैं बुनियादी तौर से उन से सहमत हूं और यह सिद्धान्त हम को मानना चाहिये और अगर अपनी योजनाओं को कामयाब बनाना है और जो लक्ष्य रखे गये हैं, फिजिकल और फाइनेंशियल, उन को अगर हम हासिल करना चाहते हैं तो निश्चित तौर से हमें कीमतों के ऊपर, हाट बाजारी व्यवस्था के ऊपर से उन में टिकाऊपन हो, यह सारी व्यवस्था योजना के पहले देखनी पड़ेगी, और यह व्यवस्था किस प्रकार से चले उस के बारे में हमें जो संगठन बनाने की आवश्यकता है वह भी बनाने पड़ेंगे और किसान की पैदा की हुई चीजों की बुनियादी तौर से कीमत इस तरह तय करनी पड़ेगी जिससे उस को अपनी पैदावार बढ़ाने का उत्साह मिले।

एक बात पर मैं ज्यादा जोर देना हू, जिसे सरकार भी मानती है कि यह देश कृषि प्रधान देश है, 75 फीसदी लोग यहा कृषि पर आधारित हैं, जमीन से, पशु और कृषि से सबधित चीजो से इस देश का धन उत्पादन करते है तो ऐसे देश मे कृषि को सब से ज्यादा महत्व देना चाहिए। कृषि में सब से यादा इन्वेस्टमेंट करेंगे कृषि के जरिये पैदा होने वाली चीजो के उत्पादन को बुनियादी तौर से बढायेंगे तभी इस देश का भला हो सकता है और फिर उन सारी चीजो से जो औद्योगिक उत्पादन हो वह सारी चीजे इस पहली बुनियादी भूमिका को पूरा करने के बाद फ्लो इन करती है। यह दृष्टिकोण सरकार भी सोचती है और अपनाने की जरूरत है। और उस पोइट को मैं नही कहूगा जिस को बजट के समय मे न कहा कि अभी भी हम को इस देश मे कृषि के लिये बहुत कुछ करना है, लेकिन जो उत्पादन का सारी इकोनामिक ग्रोथ का लक्ष्य रखा है 5 5 और कृषि का 4 67 और उसके लिये जो इन्वेस्टमेंट आप ने तजवीज किया है बुनियादी तौर से वह कम है, उस को ज्यादा किया जा सकता है। आज तो हम कृषि के अन्दर उत्पादन करने मे एक ऐसे मोड पर हैं जिसकी तरफ मैं आप का ध्यान दिलाना चाहता हू। जब इस देश के अन्दर काम पैदा हो रहा है, उस की डिमान्ड बहुत बढ़ गई है फर्टिलाइजर के साथ मे प्रोडक्शन जुडा हुआ है ऐनर्जी क्राइसिस है किसानो के पास जो ट्रेक्टर है, या ऐनर्जी का उपयोग बिजली के रूप मे करते हैं उस के लिये भी कोई प्रायरिटी नहीं है। यू० पी० मे चुनाव के दौरान मे न देखो कि तीन तीन दिन मे तीन घन्टे बिजली एक ट्यूबवैल पर मिलती थी। तो एक तरफ बिजली की कमी है, डीजल और क्रूड की कमी है क्रूड के दाम तिगुने हो गये हैं, डीजल किसान को मिलता नही, 20 लिटर से ज्यादा डीजल देते नही किसान को एक दफा, तो 20 लीटर डीजल मे ले कर किसान जब तक खेत पर पहुचता है तब तक वह खत्म हो जाता है। तो फर्टिलाइजर नही, डीजल नही, क्रूड नही, ऐनर्जी नही, फिर हम क्या कह सकते हैं किसान को कि वह अपना उत्पादन बढाये। इन चीजो की किसान को कमी है। क्रूड की मुसीबत दुनिया की है केवल भारत की ही नही फिर कैसे कृषि उत्पादन का बढावा दिया जाय। डीजल और क्रूड का प्रायरिटी पर कैसे उपयोग करें, सीजन मे जो चीजें किसान को चाहिये वह कैसे मिले इस के बारे मे सोचना पडेगा। किस प्रकार उस का समय पर आवश्यकतानुसार खाद दी जाय। जितनी खाद आप बाहर से ला रहे हैं वह मामूली है। इस साल जितना फर्टिलाइजर आप ने कन्जूम किया है 28, 29 लाख टन उस के मुकाबले अगली साल 38 लाख टन की व्यवस्था करने जा रहे है, जब कि माग 60 मे 60 से 80 लाख टन की है। तो फर्टिलाइजर के सही वितरण की व्यवस्था करना किसान को समय पर उस के काम आने वाली चीजे मिले जिन के जरिये ग्रीन रिवोल्युशन हो सकता है उन के समय से पहुचाने की व्यवस्था करना नितात आवश्यक है जिस से ग्रीन रिवोल्युशन हो सके। इन तमाम चीजो के जरिये उत्पादन बढ सके और बढे हुए उत्पादन का वाजिब दाम किसान को मिले यह सिद्धान्त स्वीकार किया गया है और इस पर अमल करना आवश्यक हो गया है।

आप दई को लीजिये। दई का दाम कम रहता है जब कि कपडे का दाम कन्जूमर को ज्यादा देना पडता है। प्रौफिट का काफी मार्जिन बीच के लोग खा जाते है। उस मार्जिन को कम कर के किसान और कन्जूमर को लाभ मिल सके इस के लिए मार्केटिंग की व्यवस्था को बदलने का इरादा रखते हैं? अगर हम कुछ बुनियादी चीजो की कीमतो को अपने सगठनो की मार्फत और अपनी व्यवस्थाओ की मार्फत निर्धारित करे, तो अच्छा होगा। इन्होंने उन की कुछ बुराइयो की तरफ जोर

[श्री नाथू राम मिर्धा]

दिया, हम जानते है कि उन में कुछ बुराइयां है, कुछ खराबिया हैं लेकिन हमे यह देखे कि कि जितने सगठन बनाए जाएं, वे ठीक ढंग से चले। आज वे ठीक ढंग से चल नही पाते है और उन के अन्दर बहुत ज्यादा खराबिया पैदा हो जाती है। तो आवश्यकता यह है कि हम उन मे कुछ सुधार करे। हम अपनी तरफ से प्राइस स्ट्रक्चर को तय करे और किसान जिन चीजो को पैदा करता है चाहे वह गन्ना पैदा करे, चाहे वह कपास पैदा करे, उस की कीमतों को तय करे। कार्पोरेशन बनाने को हम ने अपनी प्लान के अन्दर स्वीकार किया और आप ने उन सब को पाचवी पच वर्षीय योजना मे लागू करने को कहा है। उन आर्गेनाइजेशन्स को बना कर हम किसान को उस की पैदावार का उचित दाम दो चाहे वह गन्ना हो, चाहे कपास हो, चाहे तिलहन हो और चाहे वह फूड ग्रेन्स हो। उन सारी चीजो के, दामो का निर्धारण हम उस को लागत का हिसाब लगा कर करे और उस को उस का मुनासिब मुनाफा दे कर, उस के कास्ट आफ प्रोडक्शन को देख कर, उस की चीजो को खरीदे और फिर उद्योग मे काम आने वाली चीजो को भी हम फिक्सड दामो पर दे। फिक्सड प्राइस के ऊपर ही वह मजदूरो को अपना मुनाफा छोड कर मिले और कन्ज्यूमर्स को भी ज्यादा पैसे न देने पड़े। इस प्रकार की एक पिक्चर बना कर हम एक कल्पना करे और उस कल्पना को पाचवी योजना मे साकार रूप दे कर योजना को जमाना बहुत जरूरी बात है। इस काम को हमे पांचवी योजना के अन्दर कर लेना चाहिए क्योंकि पहले की पचवर्षीय योजनाओ मे हम ने इस पर ज्यादा ध्यान नही दिया। उन मे कुछ चीजों पर हम ने ध्यान दिया था जिस की वजह से इतने उतार चढाओ हम ने देखें, लेकिन इतनी भयंकर स्थिति उन योजनाओ मे नही थी, जो भयंकर स्थिति हम पांचवी योजना मे देख रहे हैं। इस पांचवी योजना में स्थिति बहुत भयकर है और हर महीने प्राइस इन्डैक्स कितना बढ रहा है और क्या हालात हो रहे हैं, इन सब बातो को देख कर हमें गम्भीरता-पूर्वक इन मुद्दों पर सोचना चाहिए।

मै नही कहता कि आप किसान को 10 पैसे के अन्दर एक यूनिट बिजली दीजिए। आज कई राज्यो में 12 पैसे प्रति यूनिट पर बिजली दी जाती है। आप बिजली के लिए दो पैसे प्रति यूनिट और ले लीजिए। इस मे छोटे किसानो के बारे मे शुरू मे इन्वेस्ट-मेन्ट का सवाल जरूर आता है। मेरा कहना यह है कि जो बहुत से छोटे किसान है, उन के लिए क्रेडिट की व्यवस्था हो। उन के आर्गेनाइजेशन्स ग्राउन्ड लेविल पर बने और और इन्वेस्टमेंट के लिए भी उन के पास पहले से साधन हो जिस से उन को फर्टिलाइजर्स और बिजली मिल सके। इरीगेशन रेट्स के बारे मे जो उन के विचार है, मै उन से सहमत नहीं हू। आप एक बात देखिये। आज एक कुए से एक किसान जो सिचाई करता है, तो एक एकड भूमि के लिए इरीगेशन का कास्ट करीब डेढ सौ रुपये आता है और केनाल से जब वह इरीगेशन करता है तो उसी एक एकड मे उस का कास्ट करीब 15 20 रुपये आता है . व्यवधान कही कही पर 30 रुपये भी आता है। यह तो आप आप पर निर्भर करता है। इस तरह से आप देखे कि केनाल इरीगेशन रेट्स जो है वे बहुत कम है और मै उन की इस बात से सहमत नहीं हू कि केनाल के इरीगेशन रेटस बढाने की कोई गुजाइश नहीं है। मै ऐसा समझता हू कि केनाल के इरीगेशन रेट्स को बढाया जा सकता है। कही पर जहा इरीगेशन रेट्स बहुत ज्यादा पडते है, उन के मुकाबले में केनाल इरीगेशन वालो का पैदावार करने का तरीका बहुत ज्यादा सस्ता है और इसलिए मेरा निवेदन है कि इस को देखा जाना चाहिए। अगर बिजली के रेट्स ज्यादा बढाएंगे, तो कास्ट आफ प्रोडक्शन ज्यादा होगा। इसलिए इन सारी चीजो मे क्या बैलेंस हो, इस चीज को आप को देखना चाहिए।

आज गन्ने के दाम किसानो को देने के लिए जो व्यवस्था मिलों के लेबिल पर की है, वह अच्छी है और उस से किसान को एस्योर्ड दाम मिल जाते है। इस तरह से इस मे काफी अच्छा सुधार हुआ है और आज हालत यह है कि इतना गन्ना है कि उस की पिलाई नही हो सकेगी अगर लम्बी देर तक मिलो को चलने के लिए नही कहा जाएगा। अगर आप मिलो को लम्बी देर तक चलाएगे तो एक सुझाव बहुत गम्भीरता पूर्वक मैं देना चाहता हू। बाद मे चल कर गन्ने का रस कम हो जाता है और चीनी की परसेन्टेज कम हो जाती है। तो ऐसे वक्त मे जैसा कि आप ने मिल जल्दी चलाने के लिए कुछ रिबेट दिया था और मिल जल्दी चले उसी तरह से इस रिबेट को एण्ड मे भी देने की आवश्यकता है। अगर कई दिनो तक मिल चलेंगे तो किसानो का गन्ना खेत में नही रहेगा और किसानो को उस के गन्ने का दाम मिल जाएगा। इस का यह असर होगा कि अगर साल भी आप के गन्ने की प्रोजक्शन पर असर नहीं पड़ेगा। इसलिए हरेक चीज को ध्यान मे रख कर कि किस वक्त क्या परिस्थिति है उस के अनुसार पालिसी डिसिजन लेने की जरूरत है जिस से कि मिल वालो का काश्तकारो का और कन्ज्यूमरो का सब का फायदा हो।

जो बात इस प्रस्ताव में कही गई है चाहे डिटेल्स मे हमारे और उन के विचारो मे सहमति न हो लेकिन इस मे जो दिशा निर्देशन दिया गया है उस की मैं सराहना करता हू। मैं बहुत आभारी हू कि आज हम कई बातो पर घंटो चर्चा कर रहे है और इस चर्चा मे हम बहुत सी बाते कहेंगे और बहुत सी बातो को हम सुनेगे (घंटी) मैं दो एक मिनट मे समाप्त करता हू। मैं ज्यादा समय नही लूगा क्योकि मैं समझता हू कि बहुत से लोग इस पर अपने विचार प्रकट करेंगे और सब के विचार सुनने की आवश्यकता है। मैं इतना ही आप से निवेदन करना चाहता हू कि ऐसे मुद्दो पर हम लम्बे चौड़े झगड़े न उठा कर एक एक प्वाइन्ट को ले कर चले, तो हम काफी गम्भीरता से चिन्तन कर सकते हैं। इस चीज को सामने रखते हुए हम कुछ खास बातें आप के सामने रख सकते है और एक रास्ता बना सकते है। हमारा आगे का प्राइस स्ट्रक्चर क्या हो आगे का मार्केटिंग सिस्टम क्या हो और उस मे प्राइसेज का फ्लक्चुएशन क्या हो—आप ने जैसे 15 परसेंट की बात कही—कितना परसेन्ट साल मे फ्लक्चुएशन हो प्राइसेज मे कितना उतार-चढाव हो कन्ज्यूमर्स को वाजिब दाम पर चीज मिले प्राड्यूसर्स को वाजिब दाम मिले और मार्केटिंग मे बीच वाले को भी रीजनेबिल मार्जिन हो इन सारी चीजो को देखने की व्यवस्था हो और इन पर गम्भीरता पूर्वक सोचने की जरूरत है। मैं इस प्रस्ताव की बहुत सराहना करता हू क्योकि हम को कुछ कहने का मौका मिला है। यह एक व्यापक सवाल है। इसलिए कोई एक मंत्रालय इस पर कुछ नही कह सकता है। आप को इन सारी बातो को सोचना है और सब मंत्रालयो का समन्वय कर के ऐसी कोई स्कीम या योजना बनानी है जिस से सब लोगो को फायदा हो।

गेहू के बारे मे कल जो घोषणा की गई उस के बारे मे पहले क्या था और अब क्या है, इस पर कुछ लोगो की अपनी भावनाए है। मैं इस समय उस प्रश्न मे नही जाना चाहता और इस मामले को इस के साथ नही जोड़ना चाहता पर एक प्रेक्टिकल बात मान कर आप ने एक रास्ता निकाला और आज के हालात के अन्दर मैं सोचता हू कि हमे किसी एक डागमा के अन्दर नही चलना चाहिए और यह नही कहना चाहिए कि यह नही हुआ और वह नही हुआ और यह नीति सही है और वह नीति सही है। प्रेक्टिकल रूप से और समझ-बूझ कर हालात को देख कर हमे कोई बात करनी चाहिए। इसलिए आज मैं इस वक्त इस झगड़े मे नही पड़ना चाहता पर मैं इतना जरूर निवेदन करना चाहता हू कि इस वक्त के हिसाब से जो सोचने का सवाल है तो उस मे हम

[श्री नाथू राम मिर्धा]

ने किसानों की बात भी सोची है जो अपोजीशन करते थे और अपना फेस्ट्रेशन शो करते थे। उन की बात को भी हम ने सोचा है और काफ़ी कन्ट्रोल भी इस मामले में रखा है। इसलिए जो यह फैसला लिया गया है, वह अपने आप में एक महत्व रखता है। इसलिए मैं निवेदन करूंगा कि यह एक बुनियादी सवाल है और पांचवीं योजना की पृष्ठभमि में जो लक्ष्य आप ने निर्धारित किये हैं, उन को अगर आप एचीव करना चाहते हैं, तो इस प्रस्ताव में दी गई भावना के ऊपर आप को गम्भीरता पूर्वक विचार करना होगा और जिन कुछ बातों पर आप ने फैसला ले लिया है, और जिन को आप ने पांचवी योजना में लिखा है, उन को कारगर ढंग से लागू करना होगा और सही ढंग से संगठन को चलाना बहुत जरूरी होगा। तभी जो आप का पांचवी योजना का लक्ष्य है, वह एचीव हो सकेगा।

इन शब्दों के साथ मैं अपनी बात को समाप्त करता हूं।

SHRI JYOTIRMOY BOSU : Sir, I want to read out my amendment :

Add at the end,

"the Government should establish its decisive command over the production and distribution of vital agricultural commodities and agricultural inputs;

and therefore, recommends nationalisation of Sugar Industry, raw jute trade, fertiliser production and distribution and distribution of diesel and kerosene oil with immediate effect."

Shri Limaye has mentioned about growth of agriculture. I maintain that unless there is true and effective land reform in the country, there cannot be any growth of agriculture. That is the first requirement. I would deal with certain items of inputs as well as outputs. Both these vital sectors are mostly in the hands of unscrupulous traders, hoarders, profiteers and black-marketeers. The middle and small peasantry are exploited while they buy their requirements and again they are exploited when they sell their commodities. Take fertilisers. I have asked time and again why in a country where the per capita income is the lowest in the world, the poor peasant has to pay the highest price for fertilisers. In Ceylon, per tonn of ammonium sulphate, the price is Rs. 1583, according to the information I got from the Ministry on the 6th March, 1974, which is the latest figure I have.

17.00 HRS.

In India for the same commodity you pay Rs. 2,665. Take another very vital commodity, urea. The prices are : USA Rs. 1,470, Ceylon Rs. 1,185 and India Rs. 2.085. Why should it be so ? Take a country like Australia, where the *per capita* income is very high, where the peasant is very affluent. There a man is required to pay Rs. 1,688 for a tonne of ammonium sulphate while a peasant in India will have to pay Rs. 2,665. Similarly, in New Zealand, another affluent country, the farmer will pay Rs. 1,793 while we pay Rs. 2,665. For every item of fertilizer we are paying a much higher price. Why is it so ? Is it because you have completely surrendered yourself to the private sector monopolists, both foreign and Indian ? Is it not a fact that you have allowed them complete freedom in the matter of price fixation ?

Then, what are the profit figures ? Or let us take the utilisation of installed capacity. In the public sector it is 28 per cent while in the private sector there are plants where it is as much as 95 per cent. Are you playing into their hands, Shri Dhar ? How can you explain and justify this ? Shri Shahnawaz Khan tries to justify things in his own manner, which is not understandable to us. I do not read his language.

Take the Gujarat Fertilizer Company, which is not a public sector plant but in the private sector. The gross profits as on 31st March 1972, after providing for development rebate and reserves is Rs. 807 lakhs and the net profits come to Rs. 374 lakhs. In the case of Coromandel Fertilizers, after taxation it comes to Rs. 455 lakhs as on 31st December, 1972. It is a wonderful example of socialism and *garibi hatao* of your party. Then comes the Indian Explosives, owned by British monopolies, very good people, who were installed in power here.

The profits of the private sector before tax for 1970-71 was Rs. 1,091 lakhs. In 1971-72 it rose by 50 per cent and reached Rs. 1.529 lakhs. Every year it is jumping up. That is why every small peasant and the middle peasantry in our country have to get their requirements of fertilizer at a controlled price, which is the highest in the world. Even that controlled price is not strictly enforced. When the controlled price for 50 kg is Rs. 52, in some areas a farmer has to pay as much as Rs. 200. Not only that, in most of the cases the fertilizer is either sub-standard or highly adulterated. So, you are beyond cure. Shri Madhu Limaye talks of the Chinese pattern. But I am not living in a fools' paradise or a castle in the air. I know you people will never do it because you belong to the monopolists.

Then I come to the lack of supply of balanced fertilizers. Your own report says—perhaps, you are not aware of it,—in 1970-71 from the Central pool supply of 1.6 million tonnes of fertilizers, only 17 per cent were in complex form. Can you explain that to us?

Now I come to another item, pesticides, a very small requirement. Why is the consumption of pesticides so low? I quote:

> "Indian die contains 0.27 (m.g.) of D.D.T., said Dr. M. K. Mazumdar, Chief of Presidency division at the Central Food Technological Research Institute in Mysore. And the level of D.D.T. in body of an Indian is the highest in the world although per hectare consumption of pesticides is much less here compared to the USA or Japan."

Why is it that the use of pesticides here is so low?

SHRI D. P. DHAR: It shows that the pests are less here.

SHRI JYOTIRMOY BOSU: That the pests are having a time they never had before. The gentlemen sitting opposite to us, if you don't mind it, I would describe them to be a social pest.

Further, I quote:

> "Apart from the lack of knowledge about handling such pesticides which have often led to serious ailments among farmers and consequently they have become superstttious about their uses, the demand has also fallen due to the recent withdrawal of the subsidised sale of pesticides."

There is no propaganda; there is no availavility of inputs to small and middle peasantry.

Then, there are a lot of shady deals. I will not go into them.

About diesel, Mr. Madhu Limaye has very clearly said—Mr. Mirdha also said it—that you are not able to give diesel, electricity and water for minor irrigation even today, after 27 years of rule, and does not exceed, to my knowledge—I am subject to correction—22 per cent of the cultivated land in the country. That is your performance. Even till last year, you could not spend the whole amount for spending in the drought-affected areas although you are all the time delivering speeches and sheding crocodile tears.

Coming to seeds, what is the performance of the National Seeds Corporation. It is on the honours list. It is a wonderful performance. Half of the seeds do not germinate. It is seething with corruption.

About electricity, my hon. friend has just now mentioned that you are reluctant to give cheap electricity to peasants but you are very generous to other people. There was a paper report that you promised to pay Rs. 10 crores to the Calcutta Electric Supply Corporation. You have not contradicted the report although you said, no. It does not convince me. The D.V.C. sells electricity at the rate of 6.75 p. per unit and the British monopoly concern fleeces the poor consumer and charges even upto about 20 p. per unit When Mr. Limaye brings forward a Resolution that you give electricity at the rate of 10 p. per unit, your heart starts beating very fast You only feed monopolists.

About aluminium, do you know—you must be knowing because your party moves with the affluence of others—that 75 per cent of the production has gone to the black market and is being sold at more than 400 per cent the controlled price?

[Shri Jyotirmoy Bosu]

You know all about it. But you do not want to touch it. Because touching them will mean that you will be out of power. You give them cheap electricity; you allow them to do black marketing and you allow them to fleece the poor consumers and the workers as much as they can.

About the credits to the farmers, the present norms of lending and interest-rate should be changed. A small man in the rural areas, a middle-cadre man in the rural areas, cannot meet your requirements. He cannot afford to pay what you want. If you want real intensification of agriculture, you have to take a deep look at it.

There was a survey conducted by the Chandigarh University that 90 per cent of the bank credit that is now being given is going to the rich peasantry. The small peasantry has to depend on village moneylenders or Congressmen who are *kulaks* in the villages. In the course of years, they become bankrupt and they lose all things they had in the world

Then there is the question of exploitation on outputs Thanks to Prof. D. P. Chattopadhyaya, Professor of Philosophy, University of Jadavpur, he has been very successful in collecting funds for the party. Of course, that was the understanding. (*Interruption*) Mr. Ram Gopal Reddy, you can interrupt me when I talk about sugar and not now. Now I am talking about jute. The jute yield is about 60 lakh bales a year. And what is the performance of the Jute Corporation of India? I cannot pronounce it properly. It is *joot* Corporation of India. The J.C. I has, so far, been able to purchase a little over 1 lakh bales. Do you know why? It is because, if they really expanded their business activities, then the money collection will be curtailed. Do curtail the public sector activities; it will be much easier for the other to make hay:

There is a beautiful editorial which says:

"Thanks to this year's bumper crop, the total availability of jute is likely to exceed the demand of the mills by almost 19 lakh bales. This has already depressed raw jute prices, and thus greatly harmed the growers while conferring a bonaza on traders and speculators ... The prices have declined further from Rs. 53 a maund to Rs. 51."

Good luck for those who are with Dr. D. P. Dhar and his company.

The Agricultural Prices Commission has said very clearly certain things:

"Side by side this measure, the structure of marketing specially in the eastern region needs to be improved. Although legislation for the establishment of regulated markets has been passed in all the jute-growing States except Assam .. "

I do not know why it has not been done in Mr. Chairman's State. That explains why the Congress is coming in bigger numbers.

" . except Assam, the enforcement of the Act is still wanting in almost all the States."

"Even where the markets have been regulated, the enforcement of the provisions of the Act continues to be poor."

It has to be kept poor in the class interests of the ruling class.

